श्री मंगेश घिल्डियाल, आई.ए.एस., जिला मजिस्ट्रेट, रुद्रप्रयाग द्वारा दिनांक 08.11.2017 त्रियुगीनाराण क्षेत्र अन्तर्गत कृत स्थलीय निरीक्षण आख्या टिप्पणीः

------000------

दिनांक 08.11.2017 को मैंने त्रियुगीनारायण क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। कृत् निरीक्षण आख्या निम्नवत् है–

1– अधोहस्ताक्षरी के क्षेत्र भ्रमण के दौरान त्रियुगीनारायण अन्तर्गत उपस्थित व्यक्तियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि त्रियुगीनारायण दर्शन हेतु देश–विदेश से तथा अन्य स्थानीय श्रद्धालुओं के द्वारा वर्ष भर आगमन किया जाता है, लेकिन इस क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय स्थापित न होने के कारण उन्हें काफी परेशानियां उत्पन्न होती हैं। तद्नुसार उनके द्वारा मंदिर के बगल पर खाली पड़ी भूमि पर शौचालय निर्माण करवाये जाने हेतु अधोहस्ताक्षरी से अनुरोध किया गया। अधोहस्ताक्षरी द्वारा पुनः दिनांक 11.11.2017 को उक्त क्षेत्र के स्थलीय निरीक्षण के दौरान उपस्थित राजस्व उप निरीक्षक, फाटा को मंदिर के बगल पर खाली भूमि का विधिवत् चयन कर प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही–उप जिलाधिकारी, ऊखीमठ / रा0उ0नि0, फाटा)

2– अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 08.11.2017 को रा0इ0का0 त्रियुगीनारायण का औचक निरीक्षण किया गया। इस विद्यालय में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक कुल 205 छात्र–छात्रायें पंजीकृत हैं, निरीक्षण के दौरान 200 छात्र–छात्रायें उपस्थित तथा 5 अनुपस्थित पाये गये। साथ ही इस विद्यालय में प्रधानाचार्य श्री बी0सी0 कूर्माचली सहित 13 शिक्षक कार्यरत हैं, जिनमें से 05 प्रवक्ता, 03 एल0टी शिक्षक तथा 04 अतिथि शिक्षक तैनात हैं। अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्यालय में छात्र–छात्राओं के साथ शैक्षिक उन्नयन के संबंध में वार्ता कर उन्हें अध्यापन का कार्य करवाया गया। अध्यापन उपरान्त उक्त विद्यालय के छात्रों में शिक्षा का सामान्य स्तर पाया गया, जिनमें सभी शिक्षकों को और अधिक मेहनत करने एवं शिक्षा के क्षेत्र में ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्यालय के छात्र–छात्राओं में शिक्षा का स्तर बढ़ाये जाने हेतु प्रधानाचार्य को विद्यालय में e-class संचालित करने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही–जिला शिक्षा अधिकारी, मा0, रुद्रप्रयाग / प्रधानाचार्य, रा.इ.का., त्रियुगीनारायण।)

3– त्रियुगीनारायण क्षेत्र के निवासियों द्वारा अधोहस्ताक्षरी से शिकायत की गई कि सोनप्रयाग से त्रियुगीनारायण तक कुल 12 किमी0 मोटर मार्ग वर्तमान में निर्माण खण्ड लो0नि0वि0, ऊखीमठ के नियंत्रणाधीन है। इस मार्ग के कई स्थानों पर

डामर उखड़कर गड्ढे बने हुए हैं, जगह–जगह नालियां एवं दीवारें क्षतिग्रस्त हैं, जिस कारण आवागमन करने वाले वाहनों एवं आम जनता को काफी परेशानियां उत्पन्न होती हैं, तद्नुसार उनके द्वारा उक्त मोटर मार्ग के क्षतिग्रस्त स्थानों पर तत्काल मरम्मत कार्य करवाये जाने का निवेदन किया गया। अधिशासी अभियंता, नि.ख., लो. नि.वि., ऊखीमठ को निर्देशित किया जाता है कि उक्त मोटर मार्ग पर वांछित मरम्मत कार्य एक सप्ताह अन्तर्गत पूर्ण कराते हुए, अनुपालन से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियंता, नि.ख., लो.नि.वि., ऊखीमठ।)

(मंगेश घिल्डियाल)
आई.ए.एस.
जिला मजिस्ट्रेट,
रुद्रप्रयाग।

::कार्यालय : जिला मजिस्ट्रेट, रुद्रप्रयाग::

संख्या– 691 /वै0अधि0/2017 दिनांकः 14 नवम्बर, 2017

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. आयुक्त, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।
2. प्रमुख अभियंता, एवं विभागाध्यक्ष, लो.नि.वि., उत्तराखण्ड, देहरादून
3. मुख्य शिक्षा अधिकारी, रुद्रप्रयाग।
4. उप जिलाधिकारी, ऊखीमठ।
5. जिला शिक्षा अधिकारी (मा0), रूद्रप्रयाग।
6. प्रधानाचार्य, रा0इ0का0, त्रियुगीनारायण।

जिला मजिस्ट्रेट,
रुद्रप्रयाग।